अनुक्रमांक....................

नाम..............................

901

मुद्रित प्रश्नों की संख्या : 11

**801 (GS)**

**2025**

**हिन्दी**

समय : तीन घंटे 15 मिनट

पूर्णांक : 70

निर्देश-

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

(ii) प्रश्नपत्र दो खण्ड (अ) तथा खण्ड (ब) में विभाजित है।

(iii) प्रश्नपत्र के खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय पश्न हैं जिसमें सही विकल्प का चयन करके O.M.R.शीट पर नीले अथवा काले बाल प्वाइंट पेन से सही विकल्प वाले गोले को पूर्ण रूप से काला करें।

(iv) खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न हेतु प्रत्येक प्रश्न के लिए (01) अंक निर्धारित है।

(v) O.M.R. शीट पर उत्तर अंकित किये जाने के पश्चात उसे काटे नहीं तथा इरेजर (Eraser) एवं व्हाइटनर (Whiterner) आदि का प्रयोग न करें।

(vi) प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख उनके निर्धारित अंक दिये गये हैं।

**खण्ड-अ बहुविकल्पीय प्रश्न**

1. 'परदा' कहानी के रचनाकार हैं 1

(a) जैनेन्द्र (b) यशपाल

(c) शिवानी (d) महादेवी वर्मा

modelpaper.info

2. प्रगतिवादी कविता की प्रवृत्ति नहीं है 1

(a) प्राचीन रूढ़ियों एवं मान्यताओं का विरोध

(b) अमानवतावादी प्रवृत्ति

(c) शोषक वर्ग के प्रति घृणा और शोषितों के प्रति सहानुभूति

(d) विद्रोह एवं क्रान्ति की भावना

3. 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक के रचनाकार हैं 1

(a) भुवनेश्वर (b) उदयशंकर भट्ट

(c) जयशंकर प्रसाद (d) विष्णु प्रभाकर

4. गिरती दीवारें के रचनाकार कौन हैं-

(a) डॉ. धर्मवीर भारती (b) उपेन्द्रनाथ अश्क

c) जयशंकर प्रसाद (d) विष्णु प्रभाकर

5. 'लहरों के राजहंस' नाटक के लेखक हैं 1

(a) डॉ. धर्मवीर भारती (b) जयशंकर प्रसाद

(c) मोहन राकेश (d) सेठ गोविन्ददास

6. 'सतसई' के कवि का नाम है 1

(a) बिहारी (b) केशव

(c) मतिराम (d) भूषण

7. 'वीणा' के कवि का नाम है 1

(a) जयशंकर प्रसाद (b) महादेवी वर्मा

(c) सुमित्रानन्दन पन्त (d) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

modelpaper.info

8. केशव दास की प्रमुख रचना है 1

(a) गंगा लहरी (b) बिहारी सतसई

(c) रामचन्द्रिका (d) रामचरितमानस

9. हिमकिरिटिनी के रचनाकार कौन हैं-

(a) जयशंकर प्रसाद (b) माखनलाल चतुर्वेदी

(c) पन्त (d) 'निराला'

10. 'क्या भूलूं क्या याद करूं' की विधा क्या है-

(a) आत्मकथा (b) कहानी

(c) नाटक (d) उपन्यास

11. किस रस को स्थायी भाव शोक है? 1

(a) करुण (b) श्रृंगार

(c) वीर (d) शान्त

12. जब उपमेय और उपमान में भेद होते हुए भी दोनों में अभिन्नता प्रकट की जाए तब वहाँ कौन-सा अलंकार होता है? 1

(a) उत्प्रेक्षा अलंकार (b) रूपक अलंकार

(c) उपमा अलंकार (d) अनुप्रास अलंकार

13. किन छन्दों में केवल वर्णों की संख्या और नियमों का पालन किया जाता है? 1

(a) वर्णिक छन्द (b) मात्रिक छन्द

(c) उभय छन्द (d) मुक्त छन्द

modelpaper.info

14. 'अंगीठी' का तत्सम शब्द है 1

(a) अग्निका (b) अनिष्ठका

(c) अग्निष्ठिका (d) अग्निष्ठकी

15. शताब्दी में समास है 1

(a) द्वन्द्व (b) द्विगु

(c) कर्मधारय (d) तत्पुरुष

16. 'मेरे द्वारा पढ़ा जाएगा।' वाक्य में वाच्य है 1

(a) कर्तृवाच्य (b) कर्मवाच्य

(c) भाववाच्य (d) इनमें से कोई नहीं

17. 'जय' शब्द में कौन-सा उपसर्ग लगाने से वह 'जय' का विलोमार्थक हो जाता है? 1

(a) वि (b) परि

(c) परा (d) अ

18. आभूषण का पर्यायवाची है 1

(a) अभिमान (b) अलंकार

(c) सम्पदा (d) वायस

19. 'तस्मिन्' शब्द में विभक्ति एवं वचन है 1

(a) चतुर्थी विभक्ति, एकवचन

(b) पंचमी विभक्ति, द्विवचन

(c) सप्तमी विभक्ति, एकवचन

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

modelpaper.info

20. 'वाह! हमें हमारा लक्ष्य मिल गया' वाक्य है 1

(a) साधारण वाक्य (b) विस्मयवाचक वाक्य

(c) सन्देहवाचक वाक्य (d) नकारात्मक वाक्य

## खण्ड ब वर्णनात्मक प्रश्न

21. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए (3x2=6)

(क) सुन्दर प्रतिमा, मनभावनी चाल और स्वच्छन्द प्रकृति ये ही दो-चार बातें देखकर मित्रता की जाती है, पर जीवन संग्राम में साथ देने वाले मित्रों में इनसे कुछ अधिक बातें चाहिए। मित्र केवल उसे नहीं कहते जिसके गुणों की तो हम प्रशंसा करें पर जिससे हम स्नेह न कर सकें, जिससे अपने छोटे-मोटे काम तो हम निकालते जाएँ पर भीतर ही भीतर घृणा करते रहें। मित्र सच्चे पथ-प्रदर्शक के समान होना चाहिए, जिस पर हम पूरा विश्वास कर सकें, भाई के समान होना चाहिए, जिसे हम अपना प्रीतिपात्र बना सकें। हमारे और हमारे मित्र के बीच सच्ची सहानुभूति होनी चाहिए- ऐसी सहानुभूति जिससे एक के हानि-लाभ को दूसरा अपना हानि-लाभ समझे।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) गद्यांश के रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) अच्छे मित्र की क्या विशेषताएँ बताई गई हैं?

**अथवा**

(ख) दूसरी बात, जो इस सम्बन्ध में विचारणीय है, वह यह है कि संस्कृति अथवा सामूहिक चेतना ही हमारे देश के प्राण हैं। इसी नैतिक चेतना के सूत्र से हमारे नगर और ग्राम, हमारे प्रदेश और सम्प्रदाय, हमारे विभिन्न वर्ग और जातियाँ आपस में बंधी हुई हैं। जहाँ उनमें सब तरह की विभिन्नताएँ हैं, वहाँ उन सब में यह एकता है। इसी बात को ठीक तरह से पहचान लेने से बापू ने जनसाधारण को बुद्धिजीवियों के नेतृत्व में क्रान्ति करने और तत्पर रहने के लिए इसी नैतिक चेतना का सहारा लिया था। अहिंसा, सेवा और त्याग की बातों से जनसाधारण का हृदय इसीलिए आन्दोलित हो उठा, क्योंकि उन्हीं से तो वह शताब्दियों से प्रभावित और प्रेरित रहा।

modelpaper.info

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) गद्यांश के रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) लेखक ने भारतीय संस्कृति की एकता और उसके बल का क्या महत्त्व बताया है?

22. दिए गए पद्यांशों में से किसी एक पर आधारित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (3×2=6)

(क) पुर तें निकसी रघुबीर-बधू, धरि धीर दए मग में डग द्वै।
झलकी भरि भाल कनी जल की, पुट सूखि गए मधुराधर वै।।
फिरि बूझति हैं- "चलनो अब केतिक, पर्णकुटी करिहौ कित है?"
तिय की लखि आतुरता पिय की अँखियाँ अति चारु चलीं जल च्वै।।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) प्रस्तुत पद्यांश में तुलसीदास ने किस विषय का वर्णन किया है?

**अथवा**

(ख) मोर-पखा सिर ऊपर राखिहौं, गुंज की माल गरें पहिरौंगी।
ओढ़ि पितंबर लै लकुटी बन गोधन ग्वारन संग फिरौंगी।।
भावतो वोहि मेरी रसखानि, सो तेरे कहैं सब स्वाँग करौंगी।
या मुरली मुरलीधर की, अधरान धरी अधरा न धरौंगी।।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) प्रस्तुत पद्यांश में गोपी बाँसुरी को अपने होंठों से लगाने के लिए क्यों मना करती है?

modelpaper.info

23. दिए गए संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए। (3+2=5)

(क) अस्माकं संस्कृतिः सदा गतिशीला वर्तते। मानव जीवनं संस्कर्तुम् एषा यथासमयं नवां नवां विचारधारां स्वीकरोति, नवां शक्ति च प्राप्नोति। अत्र दुराग्रह नास्ति, यत् युक्तियुक्तं कल्याणकारि च तदत्र सहर्ष गृहीतं भवति। एतस्याः गतिशीलतायाः रहस्यं मानवजीवनस्य शाश्वत मूल्येषु निहितम्, तद् यथा सत्यस्य प्रतिष्ठा, सर्वभूतेषु समभावः विचारेषु औदार्यम् आचारे दृढ़ता चेति।

**अथवा**

(ख) मानवजीवनस्य संस्करणम् संस्कृतिः। अस्माकं पूर्वजाः मानवजीवनं संस्कर्तु महान्तं प्रयत्नम् अकुर्वन्। ते अस्माकं जीवनस्य संस्करणाय यान् आचारान् विचारान् च अदर्शयन् तत् सर्वम् अस्माकं संस्कृतिः ।

"विश्वस्य स्रष्टा ईश्वरः एक एवं" इति भारतीयसंस्कृतेः मूलम् । विभिन्नमतावलम्बिनः विविधैः नामभि एकम् एव ईश्वर भजन्ते।

24. दिए गए संस्कृत श्लोकों में से किसी एक का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए।

रे रे चातक ! सावधानमनसा मित्र! क्षणं श्रूयताम्। (3+2=5)

अम्भोदा बहवो वसन्ति गगने सर्वेऽपि नैतादृशाः।

केचिद वृष्टिभिरार्द्रयन्ति वसुधांगर्जन्ति केचिद् वृथाः।

यं यं पश्यसि तस्य-तस्य पुरतो मा बृहि दीनंवचः ।।

**अथवा**

मानं हित्वा प्रियो भवति क्रोधं हित्वा न शोचति।

कामं हित्वार्थवान् भवति लोभं हित्वा सुखी भवेत् ।।

25. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर दीजिए। (3)

(क) (i) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के आधार पर भामाशाह का चरित्र चित्रण कीजिए।

modelpaper.info

(ii) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग की कथा की संक्षिप्त प्रस्तुति कीजिए।

(ख) (i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य में तृतीय सर्ग की कथा अपने शब्दों में लिखिए।

(ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के नायक श्रीकृष्ण का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ग) (i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग की कथा अपने शब्दों में लिखिए।

(ii) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर कैकेयी का चरित्र चित्रण कीजिए।

(घ) (i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के प्रथम सर्ग की कथा अपने शब्दों में लिखिए।

(ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के नायक सुभाषचन्द्र बोस का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ङ) (i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के तृतीय सर्ग की कथा संक्षेप में लिखिए।

(ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के आधार पर चन्द्रशेखर आजाद के क्रान्तिकारी रूप का चित्रण कीजिए।

(च) (i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के सप्तम एवं अष्टम सर्ग की कथा अपने शब्दों में लिखिए।

(ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के मुख्य पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(छ) (i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य के आधार पर बताइए कि कलिंग युद्ध का अशोक के हृदय पर क्या प्रभाव पड़ा?

(ii) 'ज्योति जवाहर' के नायक की चार चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ज) (i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर कर्ण की वीरता का वर्णन कीजिए।

(ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के छठे सर्ग की कथा अपने शब्दों में लिखिए।

(झ) (i) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग की कथा अपने शब्दों में लिखिए।

(ii) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के आधार पर गांधीजी का चरित्र-चित्रण कीजिए।

modelpaper.info

26. (क) दिए गए लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन परिचय देते हुए उनकी एक प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए। (3+2=5)

(i) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(ii) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

(iii) डॉ. भगवतशरण उपाध्याय

(ख) दिए गए कवियों में से किसी एक कवि का जीवन परिचय देते हुए उनकी एक प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए। (3+2=5)

(i) बिहारी लाल

(ii) रसखान

(iii) महादेवी वर्मा

27. अपनी पाठ्य-पुस्तक में से कण्ठस्थ कोई एक श्लोक लिखिए, जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो। (2)

28. अपने क्षेत्र की नालियों तथा सड़कों आदि की समुचित सफाई न होने पर स्वास्थ्य अधिकारी को एक शिकायती पत्र लिखिए। (4)

**अथवा**

अपने प्रिय मित्र को अपनी किसी तीर्थ यात्रा के बारे में बताते हुए उसे एक पत्र लिखिए।

29. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए। (1+1=2)

(i) गीतायाः कः सन्देशः?

(ii) चन्द्रशेखरः कः आसीत्?

(iii) दाराशिकोहः वाराणसीम् आगत्य किम् अकरोत?

(iv) कोशगतः भ्रमरः किम् अचिन्तयत?

modelpaper.info

30. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए। (7)

(i) मोबाइन फोन से लाभ और हानि

(ii) शिक्षा में खेलकूद का स्थान

(iii) विज्ञान के चमत्कार

(iv) स्वच्छ भारत अभियान

modelpaper.info